UNIT - 10



# उच्च शिक्षा पद्धति : सरकार, राजनीति तथा प्रबंधन

(Higher Education System: Governance, Polity and Administration)

पाठ्यक्रम – भारतीय संस्थानों में उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान का ढाँचा; औपचारिक एवं दुरस्थ शिक्षा; नैतिक शिक्षा (Value education); सरकार, राजनीति एवं प्रशासन; संस्थागत व्यवस्था, संस्थाएँ एवं उनमें आपसी अंतः क्रिया (प्रतिक्रिया) या संवाद।

## Introduction

Education in india is provided by the public sector as well as the private sector, with control and funding coming from three levels; central, State, and local. The Nalanda University was the oldest university-system of education in the world. However, India continues to face stern challenges. Despite growing investment in education, 25 percent of its population is still illiterate.

## Higher Education

India's higher education system is the third largest in the world, after China and the United States. The main governing body at the teritary level is the University Grant Commission (India), which enforces its standards, advises the government, and helps to coordinate between the centre and the state. Accreditation for higher learning is overseen by 12 autonomous institutions established by the UGC. Distance learning and open education is also a feature of the Indian higher education system, and is looked after by the Distance Education Council.

Some Institutions of India, Such as IITs, IIMs, NITs and JNU have been globally acclaimed for their standard of undergraduate education. The IITs enroll about 10,000 Students annually and the alumni have contributed for the growth of the private sector and the public sector Industries. However the IIT's have not had significant impact on fundamental scientific research and innovation. Several Other institutes of fundamental research such as the Indian Association for the Cultivation of Science (IACS), Indian Institute of Science IISC), Tata Institute of Fundamental Research (TIFR), Harishchandra Research Institute (HRI) are acclaimed for their standard of research in basic Sciences and Mathematics.

## OPEN AND DISTANCE LEARNING

At higher Education level, IGNOU coordinates distance learning. It has a cumulative enrolment of about 15 lakhs, serviced through 53 regional centres and 1,400 study centres with 25,000 Counsellors. The DEC (Distance Edu. Council), an authority of IGNOU is coordinating 13 State Open Universities and 119 institutions of correspondence courses in conventional universities.

## TECHNICAL EDUCATION

India's National policy on Education (NPE) provisioned for an apex body for regulation and development of higher technical education, which came into beings as the All India Council for Technical Education (AICTE) in 1987 through an

in India is often criticized for being based on rote learning rather than problem solving.

## SUMMARY

Higher Edu. includes Technical Education, Professional Education, Arts and Science colleges, open and Distance learning, Teacher Education Colleges. The main governing body at the higher education level is UGC. Higher Education is growing fast quantitatively but not developed qualitatively. It is because of weakness of system and lack of transparency. The problems of Higher Education is the problems of resources involved in Higher Edu. i.e. both teachers and Students. It may be due to the lack of facilities in colleges.

## Value education (मूल्यों की शिक्षा)

नोट: (भारतीय उच्च शिक्षा पद्धति में मूल्यों की शिक्षा के विषय में विस्तृत रूप से स्वयं पढ़ लें। मुझे उचित गुणवत्ता की पाठ्य सामग्री प्राप्त नहीं हो सकी है।)

Act of Indian parliament.

The UGC has inter-university Centres at a number of locations throughout India to promote common research, e.g. the Nuclear Science Centre at the JNU, New Delhi, Central universities such as BHU JMIU, DU, MU, etc. are also pioneers of technical education in the country.

## PROBLEMS IN HIGHER EDUCATION INSTITUTION

" Our university system is, in many parts, in a state of disrepair ... In almost half the districts in the country, higher education enrollments are abysmally low, almost two-third of our universities and 90 percent of our colleges are rated as below average on quality parameters... I am concerned that in many states university appointments, including that of Vice-chancellors, have been politicized and have become subject to caste and communal considerations, there are complaints of favouritism and corruption" said the Prime Minister Manmohan Singh in 2007. (" PM's address at the 150th Anniversary function of University of Mumbai").

Students from rural and Semi Urban background often fall prey to these institutes and colleges. One the fundamental weakness of the system is lack of transparency and recommendations have been made to mandate high standards of data disclosures by Institutions on performance. Modern education in

# Governance, Polity and Administration
(सरकार, राजनीति एवं प्रशासन)

इसके अंतर्गत भारतीय राजनीति, सरकार, संसद, संविधान मूल अधिकार राज्यों का प्रशासन, राष्ट्रपति, राज्यपाल, लोकसभा मंत्रिमंडल आदि महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न पूछे जाते रहे हैं। बहुत संक्षिप्त में कहूँ तो भारत की राजव्यवस्था से संबंधित प्रश्न इसमें पूछे जाते हैं। इसमें व्यापक विस्तृत पाठ्य सामग्री है, अतः केवल आये हुये प्रश्नों पर ही मैं यहाँ पाठ्य सामग्री प्रस्तुत करता हूँ और थोड़ी बहुत व्याख्या भी।

## Concept, Institutions and their interactions
(अवधारणा या मूल संरचना, संस्थायें और उनके आपसी व्यवहार)

नोट: (इसमें केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, संसद, विभिन्न न्यायालय विश्वविद्यालय आदि से संबंधित प्रश्न होंगे।) हम केवल इस पर आधारित प्रश्न, उत्तर एवं व्याख्या पर यहां ध्यान देंगे। किंतु आप अपनी व्यवस्था के अनुरूप इस विषय पर विस्तृत अध्ययन कर सकते हैं।

DEC 2015

Q.7 लोक सभा के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. संविधान में लोक सभा के सदस्यों की संख्या की सीमा तय की गई है।
2. संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा और आकार निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किए जाते हैं।
3. फर्स्ट-पास्ट-द पोस्ट निर्वाचन प्रणाली अपनाई जाती है।
4. मतों के समान रहने की स्थिति में लोकसभाध्यक्ष के पास निर्णायक मत नहीं होता है।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए

(a) 1, 2, 3 और 4, (b) 1 और 3, (c) 1, 2 और 3
(d) 1, 3 और 4

उत्तर (b) संविधान में लोकसभा की अधिकतम संख्या 552 निर्धारित की गई है। इनमें से 530 राज्यों के प्रतिनिधि तथा 20 संघ राज्यों के प्रतिनिधि होते हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रपति द्वारा ऐंग्लो-इंडियन समुदाय के दो सदस्यों को नामित (प्रतिनिधित्व नहीं होने की स्थिति में) किया जाता है। वर्तमान में लोकसभा में 545 सदस्य हैं, जिनमें 530 राज्यों, जबकि 13 संघ राज्यों एवं दो ऐंग्लो-इण्डियन (राष्ट्रपति द्वारा नामित) हैं।

इनके निर्वाचन में फर्स्ट-पास्ट द पोस्ट निर्वाचन प्रणाली अपनाई जाती है। सामान्यतः लोक सभा अध्यक्ष संसद में किसी मुद्दे पर मतदान में भाग नहीं लेता है, लेकिन मत बराबर होने की स्थिति में वह अपना निर्णायक मत दे सकता है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के सीमा और आकार का निर्धारण स्वयं निर्वाचन आयोग के द्वारा न होकर संसद द्वारा गठित परिसीमन आयोग के द्वारा किया जाता है।

DEC 2015

Q.8 शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश में किन आधारों पर किए जाने वाले पक्षपात का संवैधानिक रूप से निषेध किया गया है?

1. धर्म 2. लिंग 3. जन्म-स्थान 4. राष्ट्रीयता।

नीचे दिए गए कूट में सही उत्तर का चयन कीजिए

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 2, 3 और 4

(c) 1, 2 और 3 (d) 1, 2 और 4

उत्तर (c) संविधान के अनुच्छेद 15 में यह व्यवस्था की गई है कि राज्य किसी नागरिक के प्रति केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म-स्थान को लेकर विभेद नहीं करेगा।

Q.14 संविधान में एक मद के रूप में लोक व्यवस्था निम्न लिखित में से किसमें आती है?

(a) अवशिष्ट शक्तियों में (b) संघ सूची में

(c) राज्य सूची में (d) समवर्ती सूची में

उत्तर (c) सामान्यत: लोक व्यवस्था और पुलिस, संविधान की सातवीं अनुसूची के अन्तर्गत राज्य सूची का विषय है तथा प्रत्येक राज्य को इस सम्बन्ध में अपने विधान बनाने तथा उस पर पूरा नियंत्रण रखने का अधिकार है।

DEC 2015

Q.21 निम्न लिखित राज्यों में से किस राज्य की लोकसभा में सीटों की संख्या सर्वाधिक है?

(a) राजस्थान (b) पश्चिम बंगाल (c) महाराष्ट्र (d) तमिलनाडु

उत्तर (c) महाराष्ट्र (48) > पश्चिम बंगाल (42) > तमिलनाडु (39) > राजस्थान (25)। वैसे सर्वाधिक लोकसभा सीटें उत्तरप्रदेश (80) में हैं।

Dec-15

Q.22 एक राज्य के महाधिवक्ता का कार्यकाल होता है

(a) निर्धारित नहीं है (b) 4 वर्ष (c) 5 वर्ष

(d) 6 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो

उत्तर (a) संविधान के अनुच्छेद 165 के अंतर्गत राज्य में महाधिवक्ता की व्यवस्था की गई है। इसका कार्यकाल निर्धारित नहीं है, वह अपने पद पर राज्यपाल के प्रसाद पर्यन्त बना रहता है। इसके अतिरिक्त वह अपने पद से कभी भी त्याग-पत्र देकर कार्यमुक्त हो सकता है।

DEC-15 RUSA

Q.23 राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) के निम्नलिखित में से क्या उद्देश्य हैं?

1. सरकारी संस्थाओं की समग्र गुणवत्ता में सुधार करना।
2. गुणवत्तापूर्ण संकायों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना।
3. वर्तमान स्वायत्त महाविद्यालयों के उन्नयन के माध्यम से नई संस्थाएँ सृजित करना।
4. अपर्याप्त अवसंरचना वाले वि.विद्यालयों का स्वायत्त महाविद्यालयों में अधोर-तरण करना।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए

(a) 1, 2 और 4 (b) 1, 2, 3 और 4

(c) 1, 2 और 3 (d) 1, 3 और 4

RUSA के निम्न उद्देश्य हैं-

उत्तर (c) (1) सरकारी शिक्षण संस्थाओं की समग्र गुणवत्ता में सुधार करना। इसके लिए आधारभूत ढाँचा तथा मानदण्ड निर्धारित करना।

(2) वर्तमान कालेजों तथा अन्य महाविद्यालयों को सुधारकर (अपग्रेड) उनको विश्वविद्यालय का दर्जा देना।

(3) उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों में गुणवत्ता युक्त फैकल्टी (संकायों) की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा सभी स्तरों पर रोजगार सृजन की क्षमता को बढ़ावा देना।

JUNE-15

Q.55 → संसद का सत्र निम्नांकित में से किसके द्वारा आहूत किया जाता है?

(a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमंत्री (c) लोकसभा का स्पीकर

(d) लोकसभा का स्पीकर व राज्य सभा का सभापति

उत्तर (a) भारतीय संसद के तीन महत्वपूर्ण अंग होते हैं। राष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा। संसदीय व्यवस्था के अंतर्गत राष्ट्रपति को देश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। राष्ट्रपति को संसद के दोनों सदनों की बैठक बुलाने और अपने विवेक के आधार पर प्रधानमंत्री की सलाह से लोकसभा का विघटन करने का अधिकार है। संसद का सत्र राष्ट्रपति के द्वारा आहूत किया जाता है।

Q.56 भारत में सिविल सर्विस दिवस मनाया जाता है

(a) 21 अप्रैल को (b) 24 अप्रैल को

(c) 21 जून को (d) 7 जुलाई को

उत्तर (a) 21 अप्रैल को

JUNE-15

Q.57 द साउथ एशिया यूनिवर्सिटी निम्नांकित में से किस शहर में अवस्थित है?

(a) कोलम्बो (b) ढाका (c) नई दिल्ली (d) काठमाण्डू

उत्तर (c) साउथ एशियन यूनिवर्सिटी एक अन्तर्राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी है। इसकी स्थापना दक्षेस (SAARC) के आठ सदस्य देशों के द्वारा की गई है। साउथ एशियन यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक पाठ्यक्रम 2010 से शुरू है। इस यूनिवर्सिटी की स्थापना का उद्देश्य दक्षेस के सदस्य देशों के छात्रों को कई व्यावसायिक एवं अन्य कोर्सों में नामांकन के लिए प्रोत्साहित करना है। साउथ एशियन यूनिवर्सिटी वर्तमान में नई दिल्ली के चाणक्यपुरी में स्थित है।

JUNE-15

**Q.58** - विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को निम्नांकित में से किन उद्देश्यों के लिए गठित किया गया था?

1. अनुसंधान के उन्नयन और उच्च शिक्षा के विकास के लिए
2. संभावनाशील अधिगम वाले संस्थानों की पहचान एवं उन्हें उसी रूप में बनाए रखने के लिए
3. शिक्षकों की क्षमता निर्माण
4. भारत की उच्च शिक्षा क्षेत्र की प्रत्येक संस्था को स्वायत्तता प्रदान करने के लिए

कूट

(a) 1, 2 और 4 (b) 1, 2 और 3 (c) 2, 3 और 4

(d) ये सभी

**उत्तर (b)** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना वर्ष 1956 में की गई, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है। इस आयोग की स्थापना का उद्देश्य अनुसंधान एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देना साथ ही देश के अन्दर चल रहे सम्भावनाशील अधिगम वाले संस्थानों की पहचान कर उन्हें उसी रूप में बनाए रखना तथा शिक्षण कार्यों से जुड़े शिक्षकों की क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना है। भारत की उच्च शिक्षा क्षेत्र की प्रत्येक संस्था को स्वायत्तता प्रदान करना इसके उद्देश्यों में शामिल नहीं है।

JUNE-15

**Q.59** - वर्तमान (2015) में भारत की उच्च शिक्षण संस्थाओं में सकल नामांकन अनुपात (GER) लगभग क्या है?

(a) 8% (b) 12% (c) 19% (d) 23%

**उत्तर (d)** 2015 में यह 23% था। भारत सरकार ने वर्ष 2020 तक सकल नामांकन अनुपात का लक्ष्य 30% रखा है।

JUNE-15

Q. 60 अप्रैल, 2015 में भारत में कुल केन्द्रीय विश्वविद्यालय थे

(a) 8 (b) 14 (c) 27 (d) 43

उत्तर (d) वर्तमान समय में भारत में ~~43~~ अब 47 केन्द्रीय वि. वि. स्थापित हैं।

(47)

DEC-2014

Q. 42 ~~किसे~~ UGC द्वारा 2014 में अभिनिर्धारित जाली संस्थाओं / वि. वि. की अधिकतम संख्या निम्नलिखित में से किस राज्य / संघ राज्यक्षेत्र में है?

(a) बिहार (b) उत्तरप्रदेश (c) तमिलनाडु (d) दिल्ली

उत्तर (b) उ. प्र. में 9, बिहार में 1, तमिलनाडु में 1, दिल्ली में 5

Q. 43 निम्नलिखित में से कौन-सी संस्थाएँ UGC अधिनियम, 1956 के अधीन डिग्री देने या प्रदान करने के लिए सक्षम हैं?

1. संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय
2. विधानमंडल के अधिनियम द्वारा स्थापित वि. वि.
3. भाषायी अल्पसंख्यकों द्वारा स्थापित वि. वि. / संस्था
4. वि. वि. समझी जाने वाली संस्था

नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3 (c) 1, 2 और 4 (d) ये सभी

उत्तर (c) UGC Act, 1956 की धारा-22 के खण्ड-(1) के अनुसार, डिग्री देने या प्रदान करने का अधिकार प्रयोग किया जाएगा- संसद अथवा प्रान्तीय विधानमंडल के अधिनियम द्वारा स्थापित वि. वि. द्वारा, अथवा धारा-(3) के अन्तर्गत वि. वि. समझी जाने वाली संस्था द्वारा अथवा केन्द्रीय-अधिनियम द्वारा विशेष रूप से प्राधिकृत संस्था द्वारा।

DEC-2014

Q. 44 निम्न में से कौन-से सुशासन के साधन हैं।

1. सामाजिक लेखापरीक्षा
2. शक्तियों का विभाजन
3. नागरिक चार्टर
4. सूचना का अधिकार

नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(a) 1, 3 और 4 (b) 2, 3 और 4 (c) 1 और 4 (d) ये सभी

उत्तर (d) सुशासन नीतियों को बनाने एवं लागू करने की एक प्रक्रिया है, जिसमें भागीदारी, आम सहमति, पारदर्शिता, जवाबदेही, न्यायसंगतता और समावेशीकरण जैसे तत्त्व पाए जाते हैं।

DEC-14

Q.45 लोकसभा के सम्बंध में राष्ट्रपति को निम्न में से कौन-सी शक्ति प्राप्त है?

1. बैठक बुलाना
2. अनिश्चित काल के लिए स्थगित करना
3. सत्रावसान
4. भंग करना

नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(a) 1 और 4 (b) 1, 2 और 3 (c) 1, 3 और 4 (d) ये सभी

उत्तर (c) भारत के राष्ट्रपति को लोकसभा की बैठक को बुलाने, सत्रावसान करने एवं लोकसभा को भंग करने की शक्ति प्राप्त है लेकिन लोकसभा की बैठक को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने का अधिकार लोकसभा के अध्यक्ष या पीठासीन अधिकारी को है।

Q.46 संसद के दो सत्रों के बीच का अन्तराल निम्न में से किससे अधिक नहीं होना चाहिए?

(a) 3 माह (b) 6 माह (c) 4 माह (d) 100 दिन

उत्तर (b) 6 माह भारत के संविधान के अनुच्छेद-85 के तहत राष्ट्रपति समय-समय पर संसद के प्रत्येक सदन को ऐसे समय और स्थान पर जो वह ठीक समझे, आहूत करेगा, किन्तु उसके एक सत्र की बैठक और आगामी सत्र की प्रथम बैठक के लिए नियत तारीख के बीच छह माह से अधिक का अन्तर नहीं होना चाहिए।

DEC-14

Q. 47 मौलिक अधिकार के रूप में निजता का अधिकार निम्नलिखित में से किसमें अन्तर्निहित है?

(a) स्वतंत्रता का अधिकार

(b) जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार

(c) समानता का अधिकार

(d) शोषण के विरुद्ध अधिकार

उत्तर (b) 'निजता का अधिकार' भारत के संविधान के अनुच्छेद-21 में उल्लेखित मूल अधिकार 'जीवन व व्यक्तिगत या दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार' में अन्तर्निहित है। इस अनुच्छेद के अनुसार किसी व्यक्ति को, उसके प्राण या दैहिक स्वतंत्रता से विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही वंचित किया जाएगा, अन्यथा नहीं।

DEC-14

Q. 48 निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन शैक्षणिक योजना में 'क्षमता निर्माण कार्यक्रम' से सम्बंध रखता है?

(a) NCERT (b) UGC (c) NAAC (d) NUEPA

उत्तर (d) NUEPA - National University of Education Planning and Administration, शिक्षानीति, योजना एवं प्रशासन के क्षेत्र में क्षमता निर्माण एवं अनुसंधान कार्य में संलग्न संगठन है।

यह GOI, MHRD द्वारा वित्त पोषित संगठन है जो समाज विज्ञान के परिप्रेक्ष्य में वृहत अन्तर्विषयात्मक दृष्टिकोण से एम.फिल, पीएचडी एवं अंशकालिक पीएच डी कार्यक्रम प्रस्तावित करता है। NUEPA के अनुसंधान कार्यक्रम, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय विकास की दृष्टि से शिक्षा के सभी स्तरों एवं प्रकारों से अंतः सम्बद्ध हैं।

JUNE-2014

**Q.26** निम्नलिखित में से कौन योजना आयोग का वास्तविक कार्यकारी मुखिया है?

(a) चेयरमैन (b) डिप्टी-चेयरमैन (c) योजना राज्यमंत्री

(d) सदस्य सचिव उत्तर (b) डिप्टी-चेयरमैन योजना आयोग का वास्तविक कार्यकारी मुखिया है।

**Q.27** विधि के विषय के रूप में शिक्षा किस सूची में आती है?

(a) संघीय सूची (b) राज्य सूची (c) समवर्ती सूची

(d) अवशेषी शक्तियाँ उत्तर (c) समवर्ती सूची

**Q.30** निम्नलिखित में से किस वि०वि० ने मेटा वि.वि. की अवधारणा को अपनाया है?

(a) असम विवि (b) दिल्ली विवि

(c) हैदराबाद वि.वि. (d) पाण्डिचेरी वि.वि.

उत्तर (b)

**Q.31** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन केन्द्रीय विश्व विद्यालय के सम्बंध में सही है?

I. केन्द्रीय वि.वि. की स्थापना संसद के अधिनियम से होती है।

II. भारत के राष्ट्रपति केन्द्रीय वि.वि. के विजिटर होते हैं।

III. राष्ट्रपति वि.वि. की कार्यकारिणी समिति अथवा प्रबंधक बोर्ड के कुछ सदस्यों को मनोनीत कर सकते हैं।

IV. राष्ट्रपति कभी-कभार कार्यकारिणी समिति या कोर्ट की बैठकों की अध्यक्षता करते हैं।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

कूट (a) I, II और IV (b) I, III और IV

(c) I, II और III (d) ये सभी

उत्तर (c)

JUNE-14

Q.35 मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्नातकपूर्व पाठ्यक्रमों के लिए ई-कन्टेन्ट बनाने का कार्य, निम्नलिखित में से किसे सौंपा गया है?

a. INFLIBNET b. कन्सोरटियम फॉर एज्युकेशन कम्युनिकेशन
c. राष्ट्रीय ज्ञान आयोग (d) IGNOU

उत्तर (b)

DEC-2013

Q.17 CIET निम्नलिखित में से किसका सूचक है?

(a) सेन्टर फॉर इन्टीग्रेटेड एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी
(b) central Institute for Engg. & Technology.
(c) Central Institute for Education Technology
(d) सेन्टर फॉर इन्टीग्रेटेड इवेलुएशन टेक्नीक

उत्तर (c) CIET - Central Institute for education Technology का सूचक है। यह NCERT की इकाई है जिसकी स्थापना वर्ष 1984 में की गई थी।

DEC-13

Q.18 उच्च शिक्षा के स्तर पर शिक्षक की भूमिका क्या है?

(a) विद्यार्थियों को सूचना प्रदान करना
(b) विद्यार्थियों में स्वाध्याय को प्रोत्साहित करना
(c) विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहन देना
(d) अपनी समस्याएँ हल करने में विद्यार्थियों की मदद करना

उत्तर (b) उच्च शिक्षा में स्वाध्याय की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण है। इस स्तर पर शिक्षक विद्यार्थियों को स्वाध्याय के लिये प्रोत्साहित करने पर अधिक ध्यान देता है।

Q.45 भारत का प्रथम वर्चुअल वि.वि. कहाँ आरम्भ किया गया?

a. आन्ध्रप्रदेश (b) महाराष्ट्र (c) उत्तरप्रदेश (d) तमिलनाडु

उत्तर (b)

DEC-13
54

Q.54 नेशनल एसेसमेंट एण्ड एक्रेडिटेशन काउन्सिल के विषय में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. यह एक स्वायत्तशासी संस्था है।
2. इसे उच्च शिक्षा के संस्थानों के मूल्यांकन एवं प्रत्यायन की जिम्मेदारी का कार्य दिया गया है।
3. यह दिल्ली में स्थित है।
4. इसके क्षेत्रीय कार्यालय हैं।

नीचे दिए कोड से सही उत्तर चुनिए:

कोड

(a) 1 और 3 (b) 1 और 2 (c) 1,2 और 4 (d) 2,3 और 4

उत्तर (b)

Q.55 दो या अधिक राज्यों के बीच विवाद पर निर्णय लेने की भारत के सर्वोच्च न्यायालय की शक्ति किस अधिकारिता के अन्तर्गत आती है?

(a) परामर्शदायी अधिकारिता (b) अपीली अधिकारिता
(c) मौलिक अधिकारिता (d) रिट अधिकारिता

उत्तर (c)

Q.56 निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. भारत में सात संघ-शासित क्षेत्र हैं।
2. दो संघ-शासित क्षेत्रों में विधानसभा है।
3. एक संघ-शासित क्षेत्र का उच्च न्यायालय है।
4. एक संघ शासित क्षेत्र दो राज्यों की राजधानी है।

नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर चुनिए:

(a) 1 और 3 (b) 2 और 4 (c) 2,3 और 4 (d) 1,2,3 और 4

उत्तर (d) भारत में सात संघ शासित क्षेत्र हैं। दिल्ली तथा पुडुचेरी ऐसे संघशासित प्रदेश हैं जहाँ विधानसभा अस्तित्व में है। चण्डीगढ़ एक संघ शासित प्रदेश है जो हरियाणा और पंजाब राज्य की राजधानी है। यहां एक उच्च न्यायालय भी स्थित है।

Q. 47 राष्ट्रीय संस्थानिक श्रेणीकरण ढाँचा (NIRF) के अनुसार निम्नलिखित में से किसे देश में सर्वश्रेष्ठ कॉलेज (2017) का स्थान प्राप्त हुआ ?

(1) मिरांडा हाउस, दिल्ली (2) सेंट स्टीफन्स कॉलेज, दिल्ली

(3) फर्गुसन कॉलेज, पुणे (4) महाराजा कॉलेज, मैसूर

उत्तर (1) मिराँडा हाउस, दिल्ली

Q. 48 निम्नलिखित विश्वविद्यालयों में से किसे फरवरी 2017 में सर्वश्रेष्ठ केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए कुलाध्यक्ष (विजिटर) का पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

1. जवाहर लाल नेहरू वि.वि. 2. बनारस हिन्दू विवि

3. तेजपुर विवि 4. हैदराबाद विवि.

उत्तर (1) JNU

Q. 49 निम्नलिखित में से किसे संसद के स्वीकृत प्रस्ताव के बिना राष्ट्रपति द्वारा हटाया जा सकता है ?

1. उच्च न्यायालय का न्यायाधीश (2) राज्य का राज्यपाल

3. मुख्य चुनाव आयुक्त (4) नियंत्रक और महालेखा परीक्षक

उत्तर (2)

Q. 50 निम्नलिखित में से कौन-सा 'भ्रष्टाचार' शब्द की परिधि में आता है ?

(a) सरकारी पद का दुरुपयोग

(b) नियमों, कानूनों और मानकों से विचलन

(c) जब कार्रवाई आवश्यक हो तो कार्रवाई न करना।

(d) लोक संपत्ति को नुकसान

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (a) (2) केवल (a) और (b)

(3) a, b और d (4) a, b, c और d

उत्तर (4)

DEC-13

Q.57 केन्द्रीय सूचना आयोग के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य है?

1. केन्द्रीय सूचना आयोग एक सांविधिक निकाय है।
2. मुख्य सूचना आयुक्त तथा अन्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति भारत का राष्ट्रपति करता है।
3. आयोग अधिक-से-अधिक ₹ 25000 का जुर्माना लगा सकता है।
4. वह गलती करने वाले अधिकारी को दण्डित कर सकता है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:

कोड

(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 4 (c) 1, 2 और 3

(d) 2, 3 और 4 उत्तर (c)

JUNE-2013

Q.50 भारत में प्रेस सेन्सरशिप किस प्रधानमंत्री के समय अधिरोपित की गई?

a. राजीव गांधी b. नरसिंह राव c. इन्दिरा गांधी (d) देवगौड़ा

उत्तर (c) इंदिरा गांधी

NOV-17

Q.46 भारत में उच्च शिक्षा के लक्ष्य निम्नलिखित में से कौन से है?

(a) अभिगम (Access)
(b) साम्या (Equity)
(c) गुण एवं प्रकर्ष (Quality and Excellence)
(d) प्रासंगिकता (Relevance)
(e) मूल्य आधारित शिक्षा (Value based education)
(f) अनिवार्य एवं मुफ्त शिक्षा (Compulsory and free education)

नीचे दिये गये कूट में सही उत्तर चुनें:

(1) केवल (a), (b) और (e) (2) (a), (b), (e) और (f)

✓ (3) (a), (b), (c), (d) और (e) (4) a, b, c, d, e and f उत्तर (3)